## सुविचार



अभी समय मेरे पक्ष में नहीं है, इसलिए मैं थोड़ा शांत हूं। जब सही समय आएगा तो मेहनत खुद मेरी पहचान बता देगी।

-एपीजे अब्दुल कलाम


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- नौकरी व ठेका दिलाने के नाम पर भतीजे से ठगे 90 लाख II
- गुवाहाटी की मरमी व मेघरंजनी के कथक पर... III
- राउंडग्लास अकादमी ने दर्ज की 13-1 से जीत IV


## शहर में आज



- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन की भर्ती रैली 7 :00 बजे।
- जनभवन में डाक विभाग की ओर से डाक टिकटो की प्रदर्शनी सुबह 10 :00 बजे।
- इंटीग्रल विश्वविद्यालय में वार्षिक समारोह फीएस्टा के आयोजन का दूसरा दिन जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 10 :00 बजे।
- डॉ. राममनोहर लोहिया विधि विवि में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन 10 :00 बजे।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में थर्ड जेंडर पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला आयोजन : 10 :00 बजे।
- पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम गोमतीनगर में ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट 11 :30 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### कोहरे से मिलेगी राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी और आस-पास शुक्रवार को 25 किमी. की रफ्तार से पक्षुआ हवाएं चलने के आसार हैं, जिससे घने कोहरे से धीरे-धीरे निजात मिलेगी। राजधानी में न्यूनतम तापमान गुरुवार को 1.4 डिग्री गिरकर 9.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 23.9 डिग्री रहा।

### रामबाबू सिंह बने इंस्पेक्टर आलमबाग

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने गुरुवार को अतिरिक्त निरीक्षक मोहनलालगंज रामबाबू सिंह को इंस्पेक्टर आलमबाग की जिम्मेदारी दी है। इंस्पेक्टर आलमबाग रहे सुभाष चंद्र सरोज का गैर जनपद ट्रांसफर हो गया है।

# शोएब का शव देख बेसुध हो गई मां व पत्नी

## दोपहर में उठा जनाजा, ऐशबाग कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्द-ए-खाक, चाइनीज मांझे से एमआर की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



रोती बिलखती मां।



मृतक शोएब

पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाजारखाला स्थित हैदरगंज ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर जान गंवाने वाले दुबग्गा के सीते विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद शोएब (34) का शव को ऐशबाग कब्रिस्तान में गुरुवार को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। रोने-सिसकने की आवाज के बीच पसरे मातम में जैसे ही जनाजा घर से उठा तो कोहराम मच गया। बूढ़ी बीमार मां आबदा और विधवा पत्नी फौजिया शोएब को कफन में लिपटा देख बेहोश हो गई। सुध-बुध खो बैठी पत्नी होश में आने पर लोगों से यही कह रही थी कि देखो शोएब अभी उठ जाएंगे और काम पर चले जाएंगे। काम पर जाने के लिए देर हो रही है कोई इन्हें उठाओ। रिश्तेदारों व मोहल्ले वालों ने बूढ़ी मां और पत्नी को संभाला।

बुधवार देर रात शोएब का पोस्टमार्टम कराया गया था। देर रात ही शव परिवारवालों के हवाले कर दिया गया। गोमतीनगर में रहने वाली शोएब की इकलौती बहन डॉक्टर शहला और डॉक्टर बहनोई अफसर खान घटना के समय दिल्ली में थे। बुधवार दोपहर जैसे ही उन्हें खबर मिली तो वे अगली फ्लाइट लेकर लखनऊ पहुंच गए। रात भर शोएब का शव घर पर मौजूद रहा। नाते-रिश्तेदार और मोहल्लेवालों का पूरी रात घर पर आते-जाते व परिवार को ढांढस देते रहे।

गुरुवार सुबह होते ही लोगों की भीड़ जमा होने लगी। दोपहर करीब सवा बारह बजे बूढ़ी मां आबदा, पत्नी फौजिया, बहन को आखिरी बार शोएब का चेहरा दिखाया गया। कफन में लिपटे बेटे को देख आबदा रोते हुए बेसुध हो गई। फौजिया ने जैसे ही पति शोएब का चेहरा देखा वह चींखते हुए बेहोश हो गई। वहां मौजूद महिलाओं ने दोनों को संभाला। यह देख वहां मौजूद लोगों की आंखें भीग गयी।

जनाजा उठते ही घर के बाहर मौजूद लोगों ने कंधा दिया। वहां मौजूद हर किसी की आंख नम थी। जनाजा घर से निकल कर ऐशबाग कब्रिस्तान पहुंचा। कब्रिस्तान में पहले से काफी लोग मौजूद थे, जो शोएब के घर नहीं पहुंच सके। कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा की और शोएब को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

### मासूम बुशरा बोली, अम्मी पापा को क्या हुआ

- बताया जा रहा है कि शोएब की बड़ी बेटी बुशरा छह साल की और छोटी बेटी इकरा ढाई साल की है। दोनों बेटियां पिता के जनाजे के पास थी, लेकिन मासूम बच्चियां को यह नहीं पता था कि उनके पापा अभी नहीं रहे। मां को रोता देख बेटी बुशरा ने पूछा कि अम्मी पापा को क्या हुआ तो उन्होंने रोते हुए कहा कि बेटा पापा इस दुनिया में नहीं रहे। यह कहते हुए उन्होंने बेटी को सीने से लगा दिया। जिसपर बुशरा फूट-फूट कर रोने लगी। वहीं, मासूम इकरा दीनदुनिया की बातों से अनजान थी। लोगों की गोद में मौजूद इकरा सिर्फ भीड़ को ही निहारती रही।



बेटी की दहाड़ें दहला रही दिल।

### बेटियों को डॉक्टर व अफसर बनाने का था सपना

- शोएब एक फार्मा कंपनी में दस लाख के सालाना पैकेज पर एमआर था। परिजन ने बताया कि शोएब दोनों बेटियों बुशरा और इकरा को पढ़ाकर लिखाकर डॉक्टर व अफसर बनाना चाहता था। शोएब मकान के तीसरे माले पर निर्माण करवा रहा था। ताकि किराए पर देकर बेटियों के भविष्य को और मजबूत कर सके। साढूं मोहम्मद रेहान ने बताया कि सरकार को चाइनीज मांझे को पूरी तरह से बंद कराना चाहिए। ताकि किसी मां का बेटा या बहन का सुहाग न उजड़ सके।

### सहकर्मी रहमान बोले, नेकदिल इंसान था शोएब

- शोएब की मौत की खबर सुनते ही उसके साथ काम करने वाले लोग भी घर पहुंचे। दिल्ली से आए रहमान ने बताया कि वह शोएब के साथ लंबे समय से काम करता था। वह सबकी मदद करता था। दोस्त अभिषेक और भूपेंद्र, सलमान ने बताया कि हम सब करीब दो साल से साथ में साथ काम कर रहे हैं। शोएब जैसा मददगार और नेक दिल इंसान नहीं देखा था।

### पत्नी की तहरीर पर गैर इरादत्न हत्या की रिपोर्ट

- इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि एमआर शोएब की मौत के मामले में पत्नी फौजिया की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ गैर इरादत्न हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। साथ ही जमीनी स्तर पर भी पड़ताल की जा रही है।

### दोषियों पर कार्रवाई, बहू के लिए नौकरी की मांग

- शोएब परिवार में कमाने वाला इकलौता था। पिता की 20 साल पहले मौत हो चुकी है। शोएब की कमाई से ही परिवार का भरण-पोषण हो रहा था। हर कोई यही चर्चा कर रहा था कि अब परिवार की देखरेख कौन करेगा? कैसे परिवार का खर्च चलेगा? बूढ़ी मां आबदा ने बहू फौजिया के लिए सरकारी नौकरी की मांग की है, ताकि परिवार का खर्च और बच्चियों की पढ़ाई चल सके। मां व पत्नी ने मुख्यमंत्री से मांझे पर पूरी तरह से रोक लगाने और शोएब की मौत के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# चाइनीज मांझे से रिटायर्ड सैन्यकर्मी का चेहरा कटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मांझे से कटने से घायल सैन्यकर्मी।

- राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल टांके लगाने के बाद भेजा गया घर
- गोमतीनगर विस्तार के शहीद पथ स्थित इकाना हॉस्पिटल के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार :** हैदरगंज ओवरब्रिज पर एमआर मोहम्मद शोएब की चाइनीज मांझे से मौत और गुरुवार को सीएम योगी द्वारा चाइनीज मांझा बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई आदेश के महज चंद घंटे बाद गुरुवार को एक और घटना हुई। गोमतीनगर विस्तार में शहीद पथ किनारे स्थित इकाना हॉस्पिटल के पास चाइनीज मांझे की धार से बाइक सवार रिटायर्ड सैन्यकर्मी बृजेश राय का चेहरा कट गया। दर्द से वे असंतुलित हुए और खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। आनन-फानन में घायल को इकाना हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देख कमांड अस्पताल भेज दिया गया। करीब 24 टांके लगाने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

अर्जुनगंज साईंदाता रोड पर स्थित सरजू नगर कॉलोनी निवासी बृजेश राय कुछ वर्ष पूर्व सेना से रिटायर्ड हुए थे। परिवार के भरण पोषण के लिए वे कैंसर अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे। परिवार में पत्नी व दो बच्चे हैं। गुरुवार दोपहर बृजेश घर के कुछ काम से मोटरसाइकिल से गोमतीनगर जा रहे थे। इस बीच शहीद पथ किनारे इकाना हॉस्पिटल के पास एकाएक मांझे की धार चेहरे को रेत कर फंस गयी। जबतक वे गाड़ी रोकते, खिंचाव से उनके दाहिनी ओर का चेहरा बुरी तरह कट गया। बाइक लेकर वे सड़क पर गिर गए। बृजेश को सड़क पर गिरता देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। देखा तो होठ और गाल बुरी तरह से कटा था और खून की धार बह रही थी। राहगीरों ने मुंह पर रूमाल लपेटने के साथ ही आनन-फानन में उन्हें इकाना हॉस्पिटल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान अस्पताल प्रबंधन ने घायल के परिवारवालों को सूचना दी।

बृजेश की हालत देख परिजन के पैरों तले जमीन खिसक गयी। परिजन उन्हें कैंट स्थित सेना के कमांड अस्पताल ले गए। वहां उन्हें टांके लगाए गए। शाम को रोंगटे खड़े कर देने वाली यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल गई। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें भी जानकारी मिली है। घायल या उनके घरवालों ने अभी तक कोई भी सूचना थाने या डॉयल-112 पर नहीं दी है। घायल के घरवालों से संपर्क किया जा रहा है। वह जो भी तहरीर देंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। इंस्पेक्टर ने बताया कि यह पता किया जा रहा है कि आसपास कौन पतंग उड़ा रहा था?

### इन बातों का रखें ध्यान

- बच्चों को बाइक पर आगे न बैठाएं।
- दोपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का आगे का कवर नीचे रखें।
- हो सके तो गले पर कोई मफलर या रुमाल जरूर बांधे।
- अगर कहीं पतंग की डोर दिखे तो बाइक रोक लें।

### 2017 से प्रतिबंधित है चाइनीज मांझा

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चाइनीज मांझे के निर्माण व इस्तेमाल पर 11 जुलाई 2017 को ही प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही आदेश में कहा था कि चाइनीज मांझे की बिक्री व उसका प्रयोग कानूनन अपराध है। इससे आसमान में पक्षियों और जमीन पर लोगों की जान का खतरा है। प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से इसकी बिक्री और इस्तेमाल जारी है।

### चोरी छिपे बिकता है चाइनीज मांझा

- सूत्रों की माने तो अकबरी गेट, वजीरबाग, बाजारखाला, हुसैनगंज और बाबूगंज समेत कई इलाकों में चाइनीज मांझे की बिक्री चोरी-छिपे हो रही है। नायलॉन के धागे पर कांच की कोटिंग के बाद यह मांझा तैयार होता है। इसे काटने के लिए कैंची का इस्तेमाल करना पड़ता है। जबकि सामान्य मांझा आसानी से टूट जाता है। सामान्य मांझा चाइनीज मांझे से महंगा भी होता है।

### पहले भी हुए हैं चाइनीज मांझे से हादसे

- **04 फरवरी 2026 :** बाजारखाला के हैदरगंज ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे से एमआर मोहम्मद शोएब की मौत।
- **08 अक्टूबर 2025 :** बिल्लौचपुरा ओवरब्रिज पर चाइनीज मांझे से व्यापारी नेता आसिम मार्शल घायल।
- **04 अप्रैल :** विधानभवन के सामने चाइनीज मांझे से सिपाही आरती कुमारी घायल।
- **23 फरवरी :** बीबीडी में मांझे से शुभम घायल।
- **02 अक्टूबर 2024 :** पकरी पुल पर मांझे से दरोगा आसिफ अली घायल।
- **25 अगस्त :** नाका फ्लाईओवर पर मांझा फंसने से सैफ हुआ घायल।
- **28 जुलाई :** विधानभवन के पास लांड्री संचालक दिलीप कनौजिया की मांझे से कटी गर्दन।
- **16 जून :** चौक में चीनी मांझे से गर्दन कटने से सुधाकर की मौत।
- **14 नवंबर 2023 :** अलीगंज में अभिषेक मांझे से घायल।
- **जून 2023 :** खुर्रमनगर में कार की सनरूफ पर खड़े रियान सिंह (08) और गौरी (11) मांझे से घायल।
- **15 मई :** पिता संग जा रही मर्सिया हुसैन मांझे की चपेट में आई।

# चाइनीज मांझे की धरपकड़ के लिए चला अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुराने शहर से लेकर गोमती पार तक की दुकानों की हुई तलाशी
- भंडारण, बिक्री व उपयोग मिला तो होगी गिरफ्तारी



चाइनीज मांझे के खिलाफ अभियान चलाते पुलिस अधिकारी।

**अमृत विचार:** चाइनीज मांझे से एमआर मोहम्मद शोएब की मौत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रूख अपनाया। सीएम के निर्देश मिलने के बाद गुरुवार को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी सड़क पर उतरे। पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ पुराने लखनऊ के विभिन्न इलाकों के अलावा शहर भर की पतंग की दुकानों पर चाइनीज मांझे की तलाश में छापेमारी की। हालांकि शाम तक चले छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस को कहीं भी चाइनीज मांझा नहीं मिला।

गुरुवार को जेसीपी कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने कमिश्नरेट के पांच जोन के डीसीपी से लेकर चौकी प्रभारी तक को टीमें बनाकर पतंग की दुकानों पर छापेमारी के निर्देश दिए। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव व एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा ने इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह के साथ पुत्तन खां कर्बला के पास जाली काइट दुकान पर छापेमारी की। दुकान में तलाशी ली गयी लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके अलावा बाजारखाला इलाके में पांच अन्य दुकानों को भी सर्च किया, लेकिन पतंग और सद्दी के अलावा कुछ नहीं मिला।

इसके बाद डीसीपी ने सआदतगंज इंस्पेक्टर संतोष आर्या के साथ कश्मीरी मोहल्ले स्थित अब्दुल हामिद की पतंग मांझे की दुकान की तलाशी ली, लेकिन चाइनीज मांझा नहीं मिला। इसके अलावा चौक, अकबरी गेट के आगे, ठाकुरगंज, हुसैनाबाद, वजीरबाग, हुसैनगंज, बाबूगंज, मदेयगंज, खदरा और काकोरी कस्बा के कई इलाकों में छापेमारी हुई। वहीं, इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने चिनहट कस्बा, कमता, मटियारी समेत अन्य इलाकों में स्थित दुकानों पर छापेमारी की। शाम तक चली छापेमारी में किसी दुकान से चाइनीज मांझे की बरामदगी नहीं हुई।

### छापेमारी से पहले ठिकाने लगाया गया चाइनीज मांझा

- लोगों का कहना है कि बुधवार को हुई घटना के बाद पतंग दुकानदारों ने दुकानों से चाइनीज मांझा हटा दिया। पुलिस की छापेमारी से पूर्व ही उसे ठिकाने लगा दिया गया। इस कारण पुलिस को किसी भी दुकान से चाइनीज मांझा नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गुरुवार को भी रिटायर्ड सैन्यकर्मी चाइनीज मांझे से घायल हुआ। इससे यह साफ है कि चाइनीज मांझा मार्केट में है, लेकिन पुलिस की सख्ती देख उसे हटा दिया गया है।

### ऑनलाइन बिक्री पर साइबर सेल की नजर

- चाइनीज मांझे से हुए हादसों और इसके प्रतिबंध के चलते लोगों ने इसकी खरीदारी और बिक्री ऑनलाइन शुरू कर दी है। यह जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने साइबर क्राइम सेल और सर्विलांस को भी जांच टीम में शामिल कर लिया है। साइबर सेल को निर्देश दिया गया है कि ऑनलाइन कंपनी के माध्यम से इसकी बिक्री पर नजर रखे हैं। अगर कोई बिक्री या खरीदारी करता है तो उसे गिरफ्तार किया जाए।

> हैदरगंज में हुई घटना के मद्देनजर तीन दिनों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी डीसीपी से लेकर चौकी प्रभारियों तक को निर्देश दिए गए हैं कि अगर कहीं भी चाइनीज मांझे का भंडारण, बिक्री और उपयोग हो रहा है तो उसे चिंह्नित कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। प्रतिबंधित मांझे की बिक्री कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कड़ी कार्रवाई होगी।
>
> -बबलू कुमार, जेसीपी कानून एवं व्यवस्था

## वाराणसी में मौसम खराब दिल्ली जा रहे विमान की लखनऊ में लैंडिंग

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** गुरुवार सुबह दिल्ली से वाराणसी जा रही इंडिगो एयरलाइंस की नान शेड्यूल घरेलू उड़ान को वाराणसी में मौसम खराब होने के कारण लखनऊ डायवर्ट किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर यह विमान सुबह करीब 06:50 बजे उतरा। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि गुरुवार सुबह वाराणसी का मौसम अचानक खराब हो गया। जिससे वहां उड़ानों की लैंडिंग में दिक्कत आने लगी। जिसके कारण दिल्ली से सुबह 6:30 बजे वाराणसी पहुंची इण्डिगो की नान शेड्यूल उड़ान (6ई 6741) को लखनऊ एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यह उड़ान लखनऊ एयरपोर्ट पर सुबह करीब 06:50 बजे उतरी। विमान में 220 यात्री सवार थे। बाद में जब वाराणसी का मौसम सही हो गया, तब इस विमान को करीब 2 घंटे बाद लखनऊ एयरपोर्ट से करीब 09:47 बजे वाराणसी के लिए रवाना कर दिया गया। इससे विमान में सवार यात्रियों को काफी दिक्कत झेलनी पड़ी।

# दो डॉक्टर समेत गायब चल रहे 20 कर्मचारियों को नोटिस, सात तलब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार सदस्यीय कमेटी के सामने कर्मचारियों, डॉक्टरों को होना होगा पेश

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी अस्पतालों और सीएचसी से बिना सूचना के लंबे समय से गायब चल रहे दो डॉक्टर समेत 20 कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। इन सभी को सात फरवरी को तलब किया गया है। चार सदस्यीय कमेटी के सामने कर्मचारियों और डॉक्टरों को उपस्थित होकर पक्ष रखना होगा।

राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल से दो डॉक्टर और एक लैब टेक्नीशियन कई दिनों से ड्यूटी से गायब हैं। वहीं, काकोरी सीएचसी से एक स्टाफ नर्स भी कई माह से ड्यूटी पर नहीं जा रही हैं। इसके अलावा शहर के अन्य सरकारी अस्पतालों में तैनात कुछ कर्मचारी भी बिना किसी सूचना के अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं। अस्पताल प्रशासन को भी यह जानकारी नहीं है कि इन कर्मचारियों ने किन कारणों से अवकाश लिया है। न तो कोई प्रार्थना पत्र दिया गया है और न ही मेडिकल प्रमाण पत्र जमा किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित चार सदस्यीय कमेटी में सीडीओ, एसीएमओ (आरसीएच), ट्रेजरी अधिकारी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। कमेटी के समक्ष संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत न करने या अनुपस्थित रहने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि सभी को नोटिस भेजे जा चुके हैं।

# पद्मजा इन्फ्राविल्ड के डॉयरेक्टर दंपति पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा के राजाजीपुरम निवासी सरिता सिंह ने मोहनलालगंज कोतवाली में पद्मजा इन्फ्राविल्ड प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर दपंति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरिता का आरोप है कि जिस प्लाट का बैनामा किया था, उसी पर कंपनी ने दूसरे को कब्जा दे दिया। डीसीपी साउथ को दी गयी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि 01 अप्रैल 2023 को हरकंशगढी में कंपनी की डायरेक्टर पद्मजा सिंह से एक हजार वर्गफुट का प्लॉट खरीदा था। जिस पर बाउण्ड्री कर कब्जा ले लिया था। बाद में पद्मजा, उनके पति राजीव सिंह व कंपनी के कर्मचारियों ने बाउण्ड्रीवॉल को तोडकर उस प्लाट पर दूसरे को कब्जा दे दिया।

**मौका मुआयना** | उपाध्यक्ष ने अफसरों को फटकारा, अवैध खनन करने वालों के खिलाफ दी तहरीर

# नैमिष नगर में किसानों से खरीदी भूमि पर अवैध खनन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- होली पर लांच होनी है योजना, आईआईएम-रैथा रोड का होगा चौड़ीकरण



नैमिष नगर योजना का निरीक्षण कर जानकारी करते उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार।

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने गुरुवार को बीकेटी में नैमिष नगर योजना का निरीक्षण किया तो किसानों से बैनामा कराई भूमि पर अवैध मिट्टी खनन पाया। संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और उनके आदेश पर अवर अभियंता संजय जैन ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ एफआईआर के लिए सैरपुर थाने में तहरीर दी।

एलडीए बीकेटी तहसील के अंतर्गत सीतापुर रोड पर ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरुखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर में लगभग 4035 एकड़ में नैमिष नगर आवासीय योजना विकसित कर रहा है। इसमें कुल 33 सेक्टर होंगे। होली पर प्रथम चरण में फेज-1 के 14 सेक्टर लांच करने की तैयारी है। इन गांवों में किसानों से सीधी जमीन खरीदी जा रही है। किसान लगभग 100 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री प्राधिकरण के पक्ष में कर चुके हैं।

उपाध्यक्ष ने अचानक निरीक्षण करके प्रगति देखी तो बैनामा कराई जमीन पर कुछ जगह अवैध मिट्टी खनन पाया। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि ईंट-भट्ठे के लोग पहले से यहां मिट्टी निकाल रहे हैं। उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि खरीदी गई भूमि पर बिना अनुमति के खनन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, प्रभारी अधिकारी-अर्जन संगीता राघव व जोनल अधिकारी वंदना पांडेय आदि रहे।

### जल्द खुलेगा दाऊद नगर कल्याण मंडप

- उपाध्यक्ष ने दाऊद नगर में लगभग 7 हजार वर्गफिट क्षेत्रफल में निर्मित किये जा रहे कल्याण मंडप का भी निरीक्षण किया गया। निर्देश दिये कि फिनिशिंग के अवशेष कार्यों को 15 दिन के अंदर पूरा कर लिया जाए। इससे कि शीघ्र खोला जा सके व लोग लाभ उठा सकें।

### बल्क में रजिस्ट्री के लिए स्थापित कराएं काउंटर

- उपाध्यक्ष ने पुरवा गांव में बने साइट ऑफिस में अधिकारियों के साथ समीक्षा की। पाया कि सेक्टर-1 एवं सेक्टर-12 में लगभग पूरी जमीन खरीदी जा चुकी है। इसके अलावा कुछ अन्य गांवों में भी काफी भूमि मिल गई है। निर्देश दिये कि जिन गांवों में 60 फीसद से अधिक भूमि की रजिस्ट्री प्राधिकरण के पक्ष में हो गई है वहां टेंडर कराकर सड़क, नाली, सीवर आदि विकास कार्य शुरू कराएं। आईआईएम-रैथा रोड का चौड़ीकरण कराने के भी निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी भूमि देने के लिए सहमति पत्र दिए हैं, ऐसे में सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में नैमिष नगर योजना के लिए एक अलग काउंटर स्थापित कराएं। इससे कि भूमि विक्रय करने वाले किसानों की बल्क में रजिस्ट्री कराई जाए।

## सिटी ब्रीफ

### अंसल प्रॉपर्टीज पर दो और रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : अंसल प्रॉपर्टीज कंपनी के खिलाफ सुशांत गोल्फ सिटी थाने में ठगी के दो और मामले दर्ज किए गए हैं। कानपुर के किदवईनगर बाबूपुरवा निवासी ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक उन्होंने अंसल प्रॉपर्टीज की योजना के तहत 2014 में 250 रुपये में एलआईजी मकान बुक कराया था। 7 अप्रैल 2014 से 2015 तक उन्होंने प्रत्येक माह 20 हजार रुपये की किस्तें जमा कीं। इसके बाद 23 मई को मकान का कब्जा दिलाने के नाम पर उनसे 1 लाख 75 हजार रुपये और जमा कराए गए, लेकिन कंपनी ने आज तक मकान पर कब्जा नहीं दिया। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी के अहिमामऊ स्थित गीता कॉलोनी निवासी वीणा वर्मा ने बताया कि उन्हें राणा प्रताप मार्ग स्थित पैराडाइज डायमंड में एक यूनिट रिसेल में आवंटित की गई थी। वर्ष 2013 में उन्होंने कंपनी के बैंक खाते में दो बार में 5 लाख 25 हजार रुपये जमा कराए। आरोप है कि कंपनी ने यूनिट का कब्जा नहीं दिया।

### 25 हजार का नाबालिग आरोपी पकड़ा गया

अमृत विचार, लखनऊ : दुबग्गा के हरदोई रोड स्थित अंधे की चौकी इलाके में एसआर ट्रेडर्स पर 16 जनवरी की शाम हुई बमबाजी की घटना में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी नाबालिग आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय के मुताबिक मलिहाबाद के ढकवा गांव निवासी अंकित कुमार सिंह की शिकायत पर 16 जनवरी को अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जांच में सामने आया कि घटना में कुल पांच आरोपी शामिल थे। 26 जनवरी को लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की अपराध शाखा (स्वॉट/सर्विलांस) और दुबग्गा पुलिस की संयुक्त टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एक नाबालिग आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बुधवार देर रात पुलिस ने आईआईएम रोड स्थित पावर हाउस के पीछे से नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### 6 चार पहिया वाहन उठाए 9 हजार वसूला जुर्माना

अमृत विचार, लखनऊ : अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के सख्त निर्देश के बाद गुरुवार को जोनल अधिकारी जोन 1 ओपी सिंह के नेतृत्व में प्रवर्तन विभाग की टीम ने नावेल्टी चौराहा, वाल्मीकि मार्ग, हरिओम मंदिर, कैम्प कार्यालय, बालाकदर, नूर मंजिल और स्मार्ट सिटी तक अभियान चलाया। जिसमें अवैध रूप से खड़े 6 चार पहिया वाहन क्रेन के माध्यम से उठाकर 9,000 रुपये जुर्माना वसूला।

### चोरी की बाइक संग युवक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक और मोबाइल बरामद किया है। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि आरोपी अखिलेश कुमार बाराबंकी के रामनगर स्थित भुजावनपुरवा का रहने वाला है। पीड़ित हंसराज निवासी डिगडिगा ने 29 जनवरी को बाइक और मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### ट्रांसफार्मर काटकर तेल चोरी, रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : थाना क्षेत्र के गहरु गंगादीन खेड़ा में लगे 100 केवीए ट्रांसफार्मर काटकर तेल चोरी के मामले में अवर अभियंता ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवर अभियंता विनय कुमार ने बताया कि 21 जनवरी की रात चोरों ने विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे ब्लेड से काटकर करीब 240 लीटर तेल निकाल लिया, जिससे ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उनका कहना है कि इस ट्रांसफार्मर से लगभग आठ कृषि ट्यूबवेलों को विद्युत आपूर्ति की जाती थी, जो घटना के बाद पूरी तरह बाधित हो गई है। चोरी से विद्युत विभाग को करीब 20 हजार रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है।

### सवा किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज पुलिस ने बुधवार को संकल्प वाटिका के पास से गांजे की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब सवा किलो गांजा बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में मोहम्मद इरशाद निवासी संजय गांधीनगर प्राग नारायण रोड हजरतगंज और हिमांशु शर्मा निवासी चौधरी टोला डंडइया बाजार अलीगंज बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नौकरी व ठेका दिलाने के नाम पर भतीजे से ठगे 90 लाख

## नौकरी में रहते हुए आरोपी मौसी ने थमाया जाली नियुक्ति पत्र, फर्जीवाड़ा सामने आने पर पीड़ित ने वापस मांगी रकम तो दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हजरतगंज कोतवाली में आरोपी मौसी व भाई पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की महिला कर्मी (अब सेवानिवृत्त) ने अपने भतीजे को नौकरी और सरकारी ठेका दिलाने के नाम पर 90 लाख रुपये की ठगी कर ली। खाते और नकद रूप में रकम लेने के बाद आरोपी मौसी और उसके बेटे ने पीड़ित को एलडीए में लिपिक पद का जाली नियुक्ति पत्र थमा दिया। फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर धमकाया। कोर्ट के आदेश पर हजरतगंज कोतवाली में आरोपी मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अमीनाबाद के बारूदखाना निवासी राहिल अली खान ने बताया कि उनकी मौसी सुमायरा रब्बानी उर्फ परवीन एलडीए में कार्यरत थीं और मार्च 2025 में सेवानिवृत्त हुई हैं। सुमायरा का बेटा अली अब्दुल्ला लालबाग स्थित नाजा मार्केट में 'अबराज ग्लोबल पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड' नाम से फर्म चलाता है। पीड़ित के अनुसार वर्ष 2023 में सुमायरा ने बेटे के कारोबार में निवेश करने का प्रस्ताव दिया और अच्छे लाभ का भरोसा दिलाया। पारिवारिक संबंधों के चलते राहिल ने भरोसा किया और अक्टूबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच 70 लाख रुपये नकद और 20 लाख रुपये बैंक खाते के माध्यम से दिए।

कुछ समय बाद जब राहिल ने लाभांश के बारे में पूछा तो मां-बेटे ने कारोबार में नुकसान होने की बात कही। रुपये वापसी का दबाव बनाने पर सुमायरा ने एलडीए में नौकरी और सरकारी ठेका दिलाने का झांसा दिया। अगस्त 2024 में सुमायरा ने राहिल को घर बुलाकर एलडीए में लिपिक पद का नियुक्ति पत्र सौंपा और कहा कि निर्देश मिलने पर ज्वाइनिंग करा दी जाएगी। साथ ही ठेकेदारी के लिए फर्म का पंजीकरण कराकर ठेका दिलाने का भी आश्वासन दिया गया।

काफी समय बीतने के बाद भी जब कोई प्रगति नहीं हुई तो राहिल नियुक्ति पत्र लेकर एलडीए पहुंचा, जहां पत्र और उस पर किया गया हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। इसके बाद रुपये मांगने पर आरोपी मां-बेटे ने धमकाया। इस धोखाधड़ी से पीड़ित की मां को गहरा सदमा लगा और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, एफआईआर

चिनहट में विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने 40 हजार रुपये ठग लिये। पीड़ित ने चिनहट थाने में दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कानपुर के शिवनगर मस्वान निवासी शमीम अहमद के मुताबिक वह विदेश में काम कर चुके हैं। दोबारा नौकरी की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात एजेंट पप्पू खान से मुलाकात हुई। आरोपी पप्पू खान ने अपने कार्यालय मटियारी चौराहा स्थित एमएलपी गेस्ट हाउस के प्रथम तल पर बुलाया। पप्पू खान ने पीड़ित को कतर में नौकरी का झांसा दिया। इसके बदले में रुपये की मांग की। पप्पू ने 21 अगस्त 2025 को व्हाट्सएप के माध्यम से नौकरी का ऑफर लेटर भेजा। 23 अगस्त को कार्यालय बुलाकर उस पर हस्ताक्षर करवाया। 27 अगस्त को मेडिकल टेस्ट करवाया गया। वीजा प्रक्रिया कके लिए पीड़ित से कई मद में 40 हजार रुपये वसूले। इसके बाद भी नौकरी नहीं मिली। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### निवेश के नाम पर वायु सेना कर्मी से ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : क्रिप्टोकरेंसी निवेश के नाम पर वृंदावन कॉलोनी निवासी वायु सेना के पूर्व सैनिक अमित पाठक से 16.34 लाख रुपये ठग लिये। जालसाजों ने पीड़ित से पांच बार खाते में रकम ट्रांसफर कराई थी। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वृंदावन कॉलोनी निवासी अमित पाठक वायुसेना से रिटायर्ड हैं। अमित के मुताबिक उन्हें व्हाट्सएप नंबर के जरिए संपर्क कर टेलीग्राम पर एक निवेश सलाहकार से जोड़ा गया। जिसने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश पर 50 प्रतिशत बोनस का लालच दिया। शुरुआत में छोटी रकम निवेश कराई गई और फर्जी लाभ दिखाकर विश्वास दिलाया गया। इसके बाद 11 जनवरी को एचडीएफसी बैंक खाते से 65 हजार रुपये, 12 जनवरी को एक्सिस बैंक खाते से 95,200 और बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाते से 50,000 रुपये, 13 जनवरी को बैंक ऑफ महाराष्ट्र खाते से 7.50 लाख रुपये, 17 जनवरी को एसबीआई खाते से 5 लाख रुपये और 2.74 लाख जमा कराये गये। पीड़ित के मुताबिक उसके वॉलेट में यह रकम बढ़कर 22.25 लाख रुपये दिखाई देने लगा। खाते को बाद में फ्रीज कर दिया गया। उसे अनफ्रीज कराने के लिए 7.74 लाख रुपये की मांग की गई। इसे भी जमा किया। इसके बाद आरोपियों ने मोबाइल रिसीव करना बंद कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर की। इसके बाद साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद डीसीपी क्राइम से शिकायत की। उनके आदेश पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बरात गए युवक का नहर में मिला अर्धनग्न शव

अमृत विचार, नगराम : उन्नाव के मौरावां थाना क्षेत्र स्थित पान कुंवरखेड़ा हिलौली निवासी शैलेंद्र (26) का शव गुरुवार सुबह नगराम थाना क्षेत्र के हसनपुर कनेरी माइनर नहर में अर्धनग्न अवस्था में मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक शराब के नशे में शौच के लिए गया था और फिसलकर नहर में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। परिजनों के मुताबिक गंगा प्रसाद किसान परिवार के साथ मौरावां के पान कुंवरखेड़ा हिलौली में रहते हैं। शैलेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बुधवार को वह अपने बड़े भाई की ससुराल नगराम के कनेरी गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। गुरुवार सुबह उसका शव हसनपुर कनेरी माइनर नहर में पड़ा मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

# शव रखकर प्रदर्शन करने वाले 40 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मजदूर की खुदकुशी के बाद जेल रोड पर शव रखकर किया था प्रदर्शन

अमृत विचार: मोहनलालगंज में बुधवार को जेल रोड पर शव रखकर प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने 40 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। इसमें 15 नामजद और 25 अज्ञात आरोपी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गणेशखेड़ा में मजदूर सुभाष चंद्र ने मंगलवार को फंदे से लटककर खुदकुशी की थी। इसके बाद परिजन व ग्रामीणों ने शव रखकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान मृतक की पत्नी के नाम खरीदी गई 6 बिस्वा भूमि उसके चार बच्चों के नाम दर्ज कराने की मांग की थी।

पुलिस के समझाने पर नाराज ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान करीब एक घंटे तक नई जेल रोड जाम रहा। जाम में एंबुलेंस समेत अन्य वाहन फंसे रहे थे। इस मामले में चौकी इंचार्ज अतुल सिंह की तहरीर पर मृतक के भाई प्रेमचंद, फूलचंद्र, ज्ञानचंद्र, भतीजे आकाश, विकास, निखिल, बहन रेखा, बहनोई महेश, रिश्तेदार राजेश बबलू, चचेरे भाई सुजीत, अजीत, राजू परिचित अनूप, बउवा व 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के जरिये आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# डिमैट खाता खोलकर आईपीओ के नाम पर 25 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : शेयर बाजार और आईपीओ में निवेश का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने महिला के नाम पर डिमैट खाता खुलवाकर करीब 25 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने पहले ट्रेडिंग शुरू कर लाभ का भरोसा दिलाया और बाद में फर्जी आवंटन दिखाकर बार-बार रकम जमा कराई। ठगी का खुलासा होने पर पीड़ित के बेटे ने डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित से शिकायत की, जिनके निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकीपुरम स्थित सीताविहार कॉलोनी निवासी प्रशांत कुमार के मुताबिक उनकी मां शारदा देवी के नाम से कैपसटन कंपनी में डिमैट



खाता खोला गया था। आरोप है कि प्रेम प्रकाश वर्मा नामक व्यक्ति और उसकी टीम ने व्हाट्सएप के जरिए 'क्यूआईबी ट्रेडिंग क्लब' के नाम पर निवेश का झांसा दिया। शुरुआत में सीमित निवेश कराया गया और बाद में अलग-अलग बैंक खातों में रकम जमा कराने का दबाव बनाया गया।

प्रशांत ने बताया कि गैबिनो कंपनी के आईपीओ के नाम पर उनसे बार-बार 20-20 लॉट सब्सक्राइब कराने को कहा गया। जालसाजों ने यह दावा किया कि आवंटन की संभावना मात्र 10 प्रतिशत है, इसलिए अधिक आवेदन जरूरी है। जब उन्होंने असमर्थता जताई तो क्लब से बाहर करने की धमकी दी गई और भुगतान के स्क्रीनशॉट भेजने का दबाव बनाया गया। इसके बाद डिमैट खाते में एक के बाद एक फर्जी आवंटन दिखाकर उनसे लगातार पैसे जमा कराए गए। इस तरह कुल करीब 25 लाख रुपये ठग लिए गए।

बाद में शेयर बाजार के जानकारों से जानकारी लेने पर पीड़ित को पता चला कि आईपीओ का आवंटन इस प्रकार कई चरणों में नहीं होता और लिस्टिंग के बाद आवंटन संभव ही नहीं है। पीड़ित के अनुसार उन्हें 'ए-5 इंडियन बुक स्टडी डिसकशन ग्रुप' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था, जहां भारी मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर निवेशकों को फंसाया जाता था। 16 जनवरी 2026 को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### साइबर ठग ने बुजुर्ग समेत चार के खाते से उड़ाए 14.18 लाख रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग समेत चार लोगों के बैंक खातों से कुल 14.18 लाख रुपये की ठगी कर ली। अलग-अलग मामलों में कहीं एपीके चालान फाइल भेजकर मोबाइल हैक किया गया तो कहीं फोन कॉल कर यूपीआई के माध्यम से रकम निकाली गई। साइबर ठगी की ये घटनाएं सुशांत गोल्फ सिटी, पारा और जानकीपुरम थाना क्षेत्रों की हैं। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। सुशांत गोल्फ सिटी के ग्राम बक्कास फतेहपुर निवासी 62 वर्षीय कौशल किशोर मिश्र ने बताया कि 21 जनवरी को उनके व्हाट्सएप पर चालान नाम की एक फाइल आई। फाइल खोलते ही मोबाइल प्रभावित हो गया और कुछ समय बाद उनका नंबर बंद हो गया। दोबारा सिम चालू कराने पर पता चला कि 2 फरवरी तक उनके एचडीएफसी बैंक खाते से 11,93,863 रुपये निकल चुके थे। पारा के रामलीला ग्राउंड क्षेत्र निवासी रंजना यादव के खाते से 3 फरवरी को कॉल के जरिए 96,500 रुपये निकाले गए। वहीं, इसी थाना क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा स्थित कनक सिटी निवासी सचिन पाल के खाते से 99,574 रुपये पार कर दिए गए। उधर, जानकीपुरम के सहारा स्टेट निवासी अभिषेक सिंह के खाते से जालसाजों ने यूपीआई के माध्यम से 28,667 रुपये निकाल लिए।

# आयुर्वेद विभाग कर्मी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, आलमबाग

**15** साल से सिजोफ्रेनिया बीमारी से थे ग्रसित

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बड़ा बरहा इलाके में राजकीय आयुर्वेदिक विभाग में तैनात एक कर्मचारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार सुबह ड्यूटी के लिए पत्नी जगाने पहुंची तो पति को फंदे से लटका देख चीख-पुकार मच गई। सूचना पर आलमबाग पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक छानबीन में सामने आया कि लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे अधेड़ ने आत्मघाती कदम उठाया है।

बड़ा बरहा निवासी रामकुमार पाल (50) आयुर्वेद विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी रामेश्वरी और बेटी अपूर्वा हैं। पत्नी ने बताया कि बुधवार रात सभी ने साथ में खाना खाया और अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। गुरुवार सुबह जब वह पति को जगाने कमरे में पहुंचीं तो रामकुमार को पंखे से दुपट्टे के सहारे लटका देखा। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पड़ोसियों की मदद से रामकुमार को फंदे से नीचे उतारकर आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर आलमबाग पुलिस पहुंची और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रामकुमार की मानसिक स्थिति लंबे समय से ठीक नहीं थी। वह करीब 15 वर्षों से सिजोफ्रेनिया नामक मानसिक बीमारी से ग्रसित थे और उनका इलाज चल रहा था। बेटी अपूर्वा बीएचयू में रहकर पढ़ाई करती है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### दुपट्टे के फंदे से लटककर युवक ने दी जान

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी के मचलखेड़ा में बुधवार रात लल्लन उर्फ मनी ने दुपट्टे के फंदे से लटककर जान दी। शव कमरे में छत में लगे एंगल से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लल्लन पेशे से मजदूरी करता था। पुलिस के अनुसार रात में खाना खाने के लिए पिता ने युवक को आवाज दी, लेकिन जवाब नहीं मिला। दरवाजा अंदर से बंद था। शक होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक को निकाला। नजदीकी अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जांच में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं सके हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



वसंत का आगमन : पतझड़ शुरू हो चुकी है, यह संकेत होता है कि ऋतु परिवर्तन होने वाला है। राजकुमार वाजपेयी

# शिवपुरी कालोनी में महिला को कुत्तों ने दौड़ाकर नोचा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- पैर में हो गए गहरे जख्म, चल रहा उपचार

अमृत विचार : इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड की शिवपुरी कालोनी निवासी महिला सोना देवी को कुत्तों ने दौड़ाकर नोंच डाला। कुत्तों से बचने के लिए चिल्लाकर भागी महिला कुछ दूरी पर गिर गई। इसके बाद कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया। कुत्तों के काटने से उनके पैर पर गहरे जख्म हो गए। घटना बुधवार की है।

इस घटना की सीसीटीवी फुटेज गुरुवार को सामने आई। जिसमें आवारा कुत्तों का झुंड महिला को दौड़ाता नजर आ रहा है। महिला चिल्लाते हुए भाग रही है। महिला की चीख पुकार सुनकर आस-पास की महिलाएं और अन्य लोगों ने कुत्तों को खदेड़ा और उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद नगर निगम की टीम मौके पर भेजी गई। आक्रामक कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखा जाएगा।

# लिफ्ट के बहाने थार में बैठाकर युवक को पीटकर लूटा, 70 किमी दूर छोड़ा

संवाददाता, सरोजनीनगर

- 5400 रुपये, मोबाइल और घड़ी छीनी, एक लाख रुपये जनसेवा केंद्र से निकलवाए
- चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, खंगाले जा रहे कैमरे

अमृत विचार: थाना क्षेत्र स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे के पास कानपुर लिफ्ट देने की बात कहकर थार सवार चार बदमाशों ने कानपुरनगर के फिदा हुसैन को अगवा कर दिया। चलती गाड़ी में मारपीट कर करीब 5400 रुपये, घड़ी व मोबाइल छीना। उसके बाद किसी जनसेवा केंद्र ले जाकर 1 लाख रुपये निकाल लिए। लूटपाट के बाद अपहृत को शाम को करीब 70 किमी दूर कानपुर के रनिया इलाके में छोड़कर भाग गए। सरोजनीनगर पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कानपुरनगर के रावतपुर स्थित सैयद नगर निवासी फिदा हुसैन ने बताया कि कुछ दिन पहले वे सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी में रहने वाले रिश्तेदार के घर आए थे। 3 फरवरी को वापस घर जाने के लिए सुबह करीब 9 बजे स्कूटर इंडिया चौराहे पर पहुंचे। वे कानपुरनगर जाने के लिए सवारी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच एक काली थार उनके पास रुकी। थार में चालक व तीन अन्य लोग सवार थे। चालक ने पूछा कहां जाना है? उन्होंने कानपुर बोला तो चालक ने लिफ्ट देने की बात कहकर बैठा लिया। पीड़ित ने बताया कि कुछ दूर चलने के बाद चालक ने थार सुनसान रास्ते की ओर मोड़ दी। उन्होंने जब विरोध किया तो बदमाशों ने पीटना शुरू कर दिया। डरा-धमकाकर बदमाशों ने 5400 रुपये, कीमती घड़ी और मोबाइल फोन लूट लिया। पीड़ित ने बताया कि सारा सामान लूटने के बाद बदमाश उन्हें फिर से पीटते हुए रास्ते में किसी जनसेवा केंद्र ले गया। वहां उनके खाते से ऑनलाइन एक लाख रुपये और निकाल लिए। जेब में रखा डीएल भी छीन लिया। इसके बाद बदमाश देर शाम को अपहृत फिदा हुसैन को कानपुर के रनिया में सुनसान रास्ते पर छोड़कर भाग निकले। डरे सहमे फिदा किसी तरह घर पहुंचे और परिवारवालों को आपबीती बतायी। अगले दिन फिदा हुसैन सरोजनीनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थार सवार चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### थार सवार बदमाशों ने टीचर को बंधक बनाकर लूटा

अमृत विचार, लखनऊ : बहराइच स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में तैनात एक शिक्षक को थार सवार बदमाशों ने लिफ्ट देने के बहाने बंधक बनाकर लूट लिया। चलती गाड़ी में मारपीट कर नकदी और मोबाइल छीनने के बाद बदमाश उन्हें किसान पथ पर उतारकर फरार हो गए। पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर गुरुवार को बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। चिनहट के हश्न विहार कॉलोनी निवासी बलराम पटेल बहराइच जिले में अध्यापक हैं। 30 जनवरी की सुबह करीब 8:15 बजे वह कमता टैक्सी स्टैंड पर सवारी वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक थार वहां रुकी, जिसमें सवार तीन बदमाशों ने उन्हें लिफ्ट देने की बात कहकर गाड़ी में बैठा लिया। बीबीडी क्षेत्र में पहुंचते ही बदमाशों ने बलराम के साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें बंधक बनाकर किसान पथ पर ले गए। बदमाशों ने उनसे मोबाइल फोन और 500 रुपये नकद लूट लिए और बीकेटी क्षेत्र के नगुवामऊ गांव के पास सुनसान स्थान पर उतार दिया। धमकी दी कि पुलिस से शिकायत करने पर जान से मार देंगे। किसी तरह घर पहुंचने पर पीड़ित की तबीयत बिगड़ गई। हालत संभलने पर वह पत्नी किरन देवी के साथ थाने पहुंचे। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**अपराध**

लेसा और विजिलेंस की संयुक्त कार्रवाई, 50 ई-रिक्शा अवैध रूप से हो रहे थे चार्ज

# ई-रिक्शा गैराज में 47 किलोवाट की पकड़ी गई बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हुसैनाबाद क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लेसा और बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने गुरुवार सुबह एक ई-रिक्शा गैराज में 47 किलोवाट से अधिक की बिजली चोरी को पकड़ा। दौलतगंज के रामगंज इलाके में स्थित इस गैराज में पोल से कटिया डालकर अवैध कनेक्शन के जरिए करीब 50 ई-रिक्शा एक साथ चार्ज किए जा रहे थे। संयुक्त टीम ने सुबह करीब पांच बजे दौलतगंज स्थित भूखंड संख्या-5 पर अफसाना के परिसर का औचक निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि परिसर के लिए केवल पांच किलोवाट का विद्युत भार स्वीकृत था, जबकि मौके पर वास्तविक लोड 47.36 किलोवाट पाया गया। उपभोक्ता ने बिजली के खंभे से सीधे अतिरिक्त केबल डालकर गैरकानूनी कनेक्शन ले रखा था, जिससे गैराज का संचालन किया जा रहा था। रेड के दौरान परिसर मालिक और कुछ स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में विजिलेंस टीम ने जांच पूरी की।

अधिशासी अभियंता सुशील कुमार ने बताया कि सहायक अभियंता (रेड) रजत श्रीवास्तव, अवर अभियंता दुर्गेश चंद्र और ऋषि




नाथ गौरवानी ने मौके पर उपकरणों की जांच कर बिजली चोरी की पुष्टि की। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में बिजली चोरी स्थानीय संविदाकर्मियों की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी उपभोक्ता के खिलाफ एंटी पावर थेफ्ट थाना, लालबाग में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। इसके साथ ही बिजली अधिकारियों ने कहा कि इस अवैध गतिविधि में यदि किसी विभागीय कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला से नकदी भरे पर्स लूटने वाले तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने बुधवार देर रात तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 30 जनवरी की शाम इंदिरानगर के ए-ब्लॉक इलाके में आशीष कुमार सिंह की पत्नी श्वेता सिंह से नकदी भरे पर्स की लूट की थी। इस दौरान श्वेता गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया पर्स, मोबाइल, नकदी और वारदात में प्रयुक्त स्पोर्ट्स बाइक बरामद की है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी के अनुसार, श्वेता सिंह 30 जनवरी को पलासियो मॉल से खरीदारी कर लौट रही थीं। शाम करीब 5:32 बजे पनेसिया ढाल के पास आरवन-5 बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके पर्स पर झपट्टा मार दिया। पर्स में क्रेडिट कार्ड, 25 हजार रुपये, मोबाइल और अन्य सामान था। इलाज के बाद पीड़ित के पति आशीष कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शहीद पथ से सटे शालीमार इलाके से शिवा प्रताप सिंह, मुकुल लोधी और गौरव शर्मा को गिरफ्तार किया। शिवा के खिलाफ 15, मुकुल के खिलाफ सात और गौरव के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# पड़ोसी के घर में महिला ने की तोड़फोड़, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी के ऋषिता मैनहट्टन की घटना

अमृत विचार: सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ऋषिता मैनहट्टन अपार्टमेंट में रविवार रात को महिला पड़ोसी के घर में घुसकर गाली-गलौजी व तोड़फोड़ की। परेशान होकर पड़ोसी ने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। आरोप है कि महिला नशे में थी।

ऋषिता मैनहट्टन अपार्टमेंट निवासी शिवांगी पाठक और उनके पति शितांशु बैंक कर्मी है। शिवांगी ने बताया कि वह पिछले दो माह से अपने परिवार के साथ फ्लैट में रहती हैं। आरोप है कि बीते एक फरवरी की रात करीब डेढ़ बजे पूरा परिवार घर पर था। तभी पड़ोस के फ्लैट में रहने वाली महिला नशे में आई और हंगामा करने लगी। आरोप है कि पड़ोसी महिला ने फ्लैट के बाहर रखा शू-रैक, गमले, कूलर और बच्चे की साइकिल तोड़ दी। इतना ही नहीं गाली-गलौज भी की। विरोध पर पीड़िता के भाई की पत्नी से मारपीट की। पुलिस के सामने भी आरोपी महिला ने हाथापाई जारी रखी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो आरोपी महिला ने खुद को कमरे में बंद कर लिया।

## सिटी ब्रीफ

### महापौर ने 13 मृतक आश्रितों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल ने 13 मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि नियुक्ति उन परिवारों के लिए राहत है, जिन्होंने अपने परिजनों को सेवा के दौरान खो दिया था। इनमें शेखर, रागिनी, विकास भारती, बीनू, रितिक गहरवाल, अवनीश कुमार, पिन्की, आकाश कुमार भारती, सुभाष धानुक, नीरज कुमार, शिवांशू भारती, काजल और शिवम भारती शामिल हैं। इन सभी मृतक आश्रितों को सफाई कर्मी के पद पर नियुक्त किया गया है।

### संपूर्ण समाधान दिवस आज सुबह 10 बजे से

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम में शुक्रवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल करेंगी। जिसमें मुख्य रूप से गृहकर, जलकर, कर निर्धारण (जीआईएस सर्वेक्षण के बाद आपत्तियां), सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, सड़क एवं गली मरम्मत, सीवर व ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, जल आपूर्ति सहित अन्य नगर निगम से संबंधित समस्याओं की सुनवाई की जाएगी। गृहकर एवं जलकर से संबंधित आपत्तियों पर जोनवार सुनवाई की जाएगी। समाधान दिवस में नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सभी जोनल अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं पार्षद उपस्थित रहेंगे।

### दस्तक यूथ फेस्टिवल का आयोजन 10 से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी 10 से 12 फरवरी तक राजधानी में दस्तक यूथ फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। युवाओं के लिए होने वाला यह शहर का सबसे पुराना महोत्सव है। इस महोत्सव में कक्षा 12 के बाद की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए 30 से ज्यादा प्रतियोगिताएं होती हैं। आयोजक दीपक कबीर ने बताया कि दस्तक यूथ फेस्टिवल में लेखन, कला, मीडिया, फोटोग्राफी, समाचार लेखन, रंगमंच, गायन, कविता लेखन जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। उन्होंने बताया कि 3 दिवसीय यह आयोजन 10 फरवरी से अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया जाएगा।

### अटल आवासीय विद्यालय में आवेदन 15 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भवन व अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ कई महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिकों और उनके परिवारों को सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत कक्षा छह से 12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जाती है। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए निर्माण श्रमिक का बोर्ड में पंजीकरण और समय से नवीनीकरण अनिवार्य है। जिन श्रमिकों ने पिछले चार वर्ष या उससे अधिक समय से लेबर कार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें 15 फरवरी के बाद निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा छह और नौ में प्रवेश के लिए आवेदन 15 फरवरी तक ऑनलाइन और ऑफलाइन स्वीकार किए जा रहे हैं।

# गुवाहाटी की मरमी व मेघरंजनी के कथक पर वाह कर उठा लखनऊ

## लखनऊ घराने की परंपरा में रची-बसी मां-बेटी की मनमोहक प्रस्तुति



कलामंडपम में युगल कथक नृत्य प्रस्तुत करतीं मरमी मेधी एवं मेघरंजनी।

### सांस्कृतिक संध्या में गायन व कथक की विविध छटाएं

- दो दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा चतुरंग गायकी की प्रस्तुति से हुआ। राग यमन और ताल तीनताल में निबद्ध इस गायन में गीत, सरगम, तराना और ताल वाद्य का सुंदर समन्वय देखने को मिला। अंतिम प्रस्तुति अहमदाबाद के कदम्ब सेंटर फॉर डांस एंड म्यूजिक द्वारा गुरु कुमुदिनी लखिया की संकल्पना पर आधारित "अत: किम" कथक नृत्य रही, जिसने जीवन की निरंतर यात्रा और उसके रहस्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** असम के गुवाहाटी से जब लखनऊ घराने का कथक लखनऊ पहुंचा, तो कला प्रेमी मंत्रमुग्ध हो उठे। गुवाहाटी की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मरमी मेधी और उनकी पुत्री मेघरंजनी ने अपने सधे हुए नृत्य से लखनऊ के कथक रसिकों का दिल जीत लिया। यह प्रस्तुति कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज की जयंती के अवसर पर बिरजू महाराज कथक संस्थान द्वारा कला मंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में दी गई।

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मरमी मेधी और मेघरंजनी दूरदर्शन की 'ए' ग्रेड कलाकार हैं तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद से संबद्ध हैं। इजिप्ट, लंदन और अमेरिका सहित कई देशों में लखनऊ घराने के कथक की सुंदरता प्रस्तुत कर चुकी मरमी मेधी ने गुरु सुरेंद्र सैकिया से कथक की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने अपनी बेटी मेघरंजनी को भी इसी परंपरा में प्रशिक्षित किया, जिससे मां-बेटी की जुगलबंदी में लखनऊ घराना पूरी तरह रच-बस गया।



पं. बिरजू महाराज जयन्ती समारोह में कथक प्रस्तुत करतीं नृत्यांगना।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद राग भूपाली में पारंपरिक नृत्य, तीन ताल में उठान, 5, 7 और 9 की तिहाई, मोर की गत, द्रुत लय और लगातार 45 चक्करों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मेघरंजनी ने मोर की चाल को इतने सजीव भावों के साथ प्रस्तुत किया कि दर्शक भाव-विभोर हो गए। बारिश की बूंदों में मोर का उल्लास और उसकी चपल गत दर्शकों को विशेष रूप से भा गई। अंतिम प्रस्तुति में मां-बेटी ने "मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो" पर भावपूर्ण अभिनय प्रस्तुत किया, जिसमें असम और ब्रज संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला।

इस नृत्य प्रस्तुति का निर्देशन जॉय प्रकाश मेधी ने किया। तबले पर राजीव शुक्ला, हारमोनियम पर जॉय प्रकाश मेधी, सारंगी पर जीशान अब्बास, बांसुरी पर दिगंत सैकिया और मंजीरा पर देबाशीष तालुकदार ने सशक्त संगत दी।

### ई-रिक्शा चालक संघ ने नगर निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ई-रिक्शा पार्किंग की व्यवस्था न होने से नाराज ई-रिक्शा चालक संघ ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। चालकों का कहना है कि बीते कई वर्षों से वे नगर निगम और संबंधित विभागों से पार्किंग स्थल बनाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

पदाधिकारियों का आरोप है कि नगर निगम और आरटीओ विभाग अपनी कमियों को छिपाने के लिए पूरी जिम्मेदारी यातायात पुलिस पर डाल रहे हैं, जबकि ई-रिक्शा से जुड़ी जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। जब तक पार्किंग और संचालन को लेकर स्पष्ट नीति लागू नहीं होगी तब तक हालात नहीं सुधरेंगे। ई-रिक्शा चालक संघ का दावा है कि शहर में लगभग 40 से 50 प्राइवेट बैंक ई-रिक्शा के लिए 3.5 लाख रुपये तक का ऋण दे रहे हैं। यदि प्राइवेट बैंकों की फाइनेंसिंग पर नियंत्रण और जांच की जाए, तो ई-रिक्शा की बेतहाशा बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# उर्दू अकादमी के रेडियो जॉकी कोर्स के प्रशिक्षुओं ने एफएम स्टूडियो देखा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के रेडियो जॉकी कोर्स के 5वें बैच के प्रशिक्षुओं ने गुरुवार को एफएम स्टूडियो का शैक्षणिक भ्रमण किया। बेसिक रेडियो टेक्नोलॉजी कोर्स के प्रशिक्षणार्थियों को अकादमी की मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा मोदी के मार्गदर्शन में एफएम चैनल रेडियो मिर्ची 98.3 के लखनऊ स्टूडियो का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को रेडियो प्रसारण की व्यावहारिक तकनीकों से रूबरू होने का अवसर मिला।

स्टूडियो भ्रमण के दौरान आरजे ताशी ने लाइव प्रसारण की प्रक्रिया, कंटेंट फ्लो और ऑन-एयर अनुशासन के बारे में जानकारी दी। वहीं डीजे अर्जुन मिश्रा ने प्रोमो लेखन, वॉइस मॉड्यूलेशन तथा प्रोमो रिकॉर्डिंग की तकनीक सिखाई। प्रशिक्षणार्थियों ने स्टूडियो के विभिन्न सेक्शन ऑन-एयर स्टूडियो, प्रोडक्शन और रिकॉर्डिंग सेटअप को नज़दीक से समझा।



एफएम स्टूडियो का शैक्षणिक भ्रमण करते उप्र. उर्दू अकादमी के प्रशिक्षु।

इस बैच में रचना चतुर्वेदी, वंदना, आयुषी, प्रियंका, रोहिता, मानसी, शिखा, शशिप्रभा, राजीव, सोनू पांडेय, सुनील अवस्थी, अर्जित, आशुतोष अवस्थी, सत्यम, दीपांश, सुब्रत त्रिपाठी, सौम्या आदित्री आदि प्रशिक्षणार्थियों ने रेडियो की बारीकियां सीखीं। प्रतिभागियों ने भ्रमण को उपयोगी बताते हुए कहा कि लाइव वातावरण में सीखने से रेडियो के तकनीकी और रचनात्मक पहलुओं की समझ और मजबूत हुई।

### सामूहिक विवाह कमेटी 25 मार्च को कराएगी निर्धन जोड़ों का विवाह

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुस्लिम सामूहिक विवाह कमेटी आगामी 25 मार्च को निर्धन वर्ग के जोड़ों का सामूहिक विवाह का कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह फैसला मुस्लिम सामूहिक विवाह कमेटी के महासचिव चौधरी शादाब कुरैशी के कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। चौधरी शादाब कुरैशी ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी 25 मार्च 2026 को शाम 5 बजे चंद्र मैरिज हॉल, मोअज्जम नगर में कई जोड़ों का निकाह कराने का फैसला किया गया है। सलीम अहमद राईनी ने कहा कि कमज़ोर और गरीब लोग अपने सपने पूरे करने की कोशिश तो करते हैं, लेकिन उनके सपने पूरे नहीं हो पाते क्योंकि वे दूसरों को अपनी कमज़ोरी बताने से बचते हैं। इसी वजह से हमारी कमेटी ऐसे लोगों को पहचानकर उनसे सम्पर्क करती है।

# जीने की राह दिखाते हैं महावीर स्वामी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान का स्थापना दिवस गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में मनाया गया। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंत्री जयवीर सिंह ने इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने की।

मंत्री जयवीर सिंह ने इस समारोह में डॉ. श्रेयांश कुमार जैन को ऋषभदेव सम्मान, प्रो. शुद्धात्म प्रकाश जैन को महावीर अहिंसा सम्मान और डॉ. विवेक जैन को आचार्य कुंदकुंद सम्मान से अलंकृत किया। इस मौके पर जयवीर सिंह ने कहा कि महावीर स्वामी के सर्वोदय सिद्धांत हमें जीने की राह दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्राचीन धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का जो काम कर रही है उसमें जैन धर्म से जुड़े एतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास की योजनायें भी शामिल की गई हैं। संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि संस्थान ने जैन धर्म के 18 तीर्थंकरों के जन्म स्थलों पर संगोष्ठियां आयोजित कीं। इन संगोष्ठियों के माध्यम से लोगों तक अहिंसा, शाकाहार और युवाओं को मूल्य आधारित शिक्षा देने की कोशिश की गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान और तीर्थंकर महावीर विश्विद्यालय मुरादाबाद के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षर किया गया। इससे शिक्षा के क्षेत्र में शोध के नये अवसर मिलेंगे।




पुस्तक का विमोचन करते पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह। अमृत विचार

- जैन विद्या शोध संस्थान के स्थापना दिवस पर विभूतियों का सम्मान

### बजट सत्र में बिल आया तो 27 लाख बिजली कर्मी करेंगे हड़ताल

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजली कर्मियों के 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी आंदोलन को लेकर प्रदेश में संघर्ष समिति, संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों का संयुक्त अभियान तेज हो गया है। संगठनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संसद के बजट सत्र में इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल-25 पेश किया गया, तो देशभर में तत्काल लाइटनिंग एक्शन लिया जाएगा। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन केवल बिजली कर्मियों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों, श्रमिकों और आम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा का साझा संघर्ष है। उन्होंने कहा कि बिजली क्षेत्र में निजीकरण से रोजगार पर संकट आएगा और उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। समिति ने मुख्यमंत्री से पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि बिल जबरन पारित कराया गया, तो देशभर के लगभग 27 लाख बिजली कर्मी बिना नोटिस हड़ताल पर चले जाएंगे।



कैथ लैब के बारे में जानकारी देते डॉ. अतुल कपूर, डॉ. अभिषेक कपूर व अन्य।

# रीजेंसी हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कैथ लैब का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रीजेंसी हॉस्पिटल ने कार्डियक और न्यूरोवैस्कुलर देखभाल को सशक्त बनाने के लिए अत्याधुनिक नेक्स्ट-जेनरेशन कैथ लैब का शुभारंभ किया। यह सुविधा एडवांस्ड रियल-टाइम इमेजिंग, बेहतर वर्कफ्लो कम रेडिएशन एक्सपोज़र के माध्यम से जटिल हृदय एवं न्यूरोवैस्कुलर इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं को अधिक सुरक्षित, सटीक और प्रभावी बनाती है।

रीजेंसी हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अतुल कपूर ने कहा कि उन्नत तकनीक चिकित्सकों को अधिक सटीकता और निरंतरता के साथ जटिल इंटरवेंशन करने में सक्षम बनाती है। वहीं सीईओ अभिषेक कपूर ने बताया कि यह कैथ लैब नवीनतम तकनीक से लैस है, जिससे एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर प्रत्यारोपण सहित जटिल हृदय प्रक्रियाएं कम समय में और कम जोखिम के साथ संभव होंगी। इससे लखनऊ और आसपास के जिलों के मरीजों को बड़े महानगरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा।

### आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के विरोध में पशु प्रेमियों और पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को महानगर क्षेत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में आसरा द हेल्पिंग हैंड्स, पॉसम फाउंडेशन सहित कई पशु कल्याण संस्थाओं के सदस्य शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाकर पाउंड और शेल्टर में रखने के निर्देशों पर कड़ी आपत्ति जताई। प्रदर्शन में शामिल विशाखा चटर्जी, राहुल वर्मा, अलवीना, पूर्णा खरे, चारु खरे और अनु बोस ने बताया कि इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई अभी जारी है। उनका कहना था कि कुत्तों को पाउंड में बंद करना न तो व्यावहारिक है, न ही वैज्ञानिक और न ही मानवीय समाधान है। इससे समस्या सुलझने के बजाय और अधिक जटिल हो सकती है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पाउंड और शेल्टर व्यवस्था न तो कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियंत्रित कर सकती है और न ही आम जनता की सुरक्षा का स्थायी उपाय है।

## सिटी डायरी



कौशल विकास कार्यशाला जानकारी लेतीं महिलाएं।

### ब्रह्माकुमारीज राजयोग प्रशिक्षण केंद्र में शुरू हुई महिलाओं की कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुल्तानपुर रोड के गुलजार उपवन स्थित ब्रह्माकुमारीज राजयोग प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 5 और 9 फरवरी को निशुल्क कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज ने यह संदेश दिया कि महिला समाज निर्माण की सशक्त रचनाकार है। राजयोग के माध्यम से महिलाओं में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और सेवा भावना विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी जा रही है। कार्यशाला का सह-आयोजन एवं समन्वय प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती एवं चार्टर प्रेसिडेंट, इनर व्हील क्लब रीता मित्तल द्वारा किया गया। लघु उद्योग भारती महिला इकाई की सचिव प्रियंका वर्मा एवं इनर व्हील क्लब लखनऊ ट्रांसगोमती की अध्यक्ष सुनीता रमन ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



एलडीए उपाध्यक्ष को ज्ञापन सैपते सपा के फकीरसिददीकी।

### जेपीएनआईसी को पार्किंग स्थल बनाया तो होगा विरोध : सपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा लखनऊ महानगर ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को ज्ञापन देकर मांग की है कि जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) जिस मूल उद्देश्य के लिए बना है उसका ही पालन हो। सेन्टर के अधूरे काम पूरे किए जाएं तथा इसका अन्तर्राष्ट्रीय स्तर सुरक्षित रखा जाए। अगर पार्किंग स्थल बनाया गया तो सपा इस दुरूपयोग का विरोध करेगी। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सपा महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी ने कहा कि सेंटर को पार्किंग स्थल बनाने के बजाय सांस्कृतिक, साहित्यिक तथा सामाजिक कार्यों में प्रयोग हो। सेंटर के अधूरे कामों के लिए बजट जारी किया जाए अन्यथा सपा इस दुरूपयोग का घोर विरोध करेगी।



असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद से भेंट करतीं सपना गोयल।

### असम के राजभवन में सुंदरकांड का पाठ करेंगी सपना गोयल

**अमृत विचार, लखनऊ :** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल को मार्च माह में असम के राजभवन में सुंदरकांड के लिए आमंत्रित किया है। गुरुवार को स्थानीय वीआईपी गेस्ट हाउस में सपना गोयल ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की थी। सपना गोयल ने असम के राज्यपाल को बताया कि भारत को विश्वगुरु के रूप में प्रतिष्ठित करवाने के लिए ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन करवाया जा रहा है।




लवकुश नगर मलिन बस्ती में जरूरतमंद लोगों को बांटे गए कंबल।

### बस्तियों में बांटे कंबल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्वे भवंतु सुखिन: सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं दिव्य ग्रामांचल सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में लवकुश नगर मलिन बस्ती क्षेत्र में ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य का आयोजन ट्रस्ट चेयरमैन नीतू सिंह के सहयोग से महानगर महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को कंबल वितरण शिविर की जानकारी दी तथा लोगों तक सहायता पहुंचाने में सहयोग किया।

**व्यवस्था** अब सड़कों पर नहीं, 40 निर्धारित शेल्टरों पर ही रुकेंगी बसें, आठ रूटों पर लागू हुआ आदेश

# शहर में ई-सिटी बसों के लिए निर्धारित हुए स्टॉपेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इलेक्ट्रिक सिटी बसों के ठहराव को लेकर सिटी ट्रांसपोर्ट प्रशासन ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। अब ई-सिटी बसें शहर में कहीं भी मनमाने ढंग से नहीं रुकेंगी, बल्कि उनके लिए 40 तय स्टॉपेज (बस शेल्टर) निर्धारित किए गए हैं। यह आदेश आठ प्रमुख रूटों पर लागू किया गया है।

**नए प्रबंध निदेशक ने संभालते ही लिया सख्त फैसला :** पदभार ग्रहण करते ही सिटी ट्रांसपोर्ट के नए प्रबंध निदेशक अमरनाथ सहाय ने सिटी बसों के अनियमित ठहराव पर सख्त कदम उठाया। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि यात्रियों को अब सिटी बसें सिर्फ बस शेल्टर पर ही मिलेंगी। इन शेल्टरों पर जल्द ही बसों के आवागमन की समय-सारिणी (टाइम टेबल) भी लगाई जाएगी।

सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक अमरनाथ सहाय ने बताया कि सिटी बसों के लिए 40 शेल्टर तय किए गए हैं। चालक-परिचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बसें केवल इन्हीं स्टॉपेज पर रोकी जाएं। इससे जाम की समस्या कम होगी और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

### ड्राइवर से लेकर डिपो इंचार्ज तक जिम्मेदार

- इस व्यवस्था के पालन की जिम्मेदारी डिपो इंचार्ज, चालक और परिचालक सभी पर तय की गई है। आदेश का पालन न होने पर कार्रवाई भी की जा सकती है। एक सप्ताह बाद दोबारा निरीक्षण कर व्यवस्था की जांच की जाएगी।



### यहां रुकेंगी इलेक्ट्रिक सिटी बसें

- आलमबाग मेट्रो स्टेशन, मवैया मेट्रो स्टेशन, टेढ़ी पुलिया, आलमबाग थाना, अवध चौराहा, अमौसी मेट्रो, पुरानी चुंगी, शनि मंदिर हिंद नगर, पारा चौकी, मुन्नू खेड़ा, चारबाग स्टेशन (दोनों ओर), पॉलिटेक्निक चौराहा (वेव सिनेमा के सामने), सहारा बाजार के सामने, फन मॉल (दोनों ओर), हैनीमैन चौराहा, रजनीखंड, स्मृति उपवन, बाराबिरवा, दयाल चौराहा, नादरगंज, बहुखंडी मंत्री आवास, चिनहट सहित अन्य स्थानों पर स्टॉपेज तय किए गए हैं।

### जाम और यात्रियों की परेशानी होगी कम

- अब तक सिटी बसें सड़कों पर जहां-तहां रुक जाती थीं, जिससे यात्रियों को स्टॉपेज पर लंबा इंतजार करना पड़ता था। सड़कों पर जाम की स्थिति बनती थी। नई व्यवस्था से यातायात सुचारु होगा और यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। फिलहाल लखनऊ में 115 ई-सिटी बसों का संचालन हो रहा है, जिनसे प्रतिदिन 12 से 14 हजार यात्री सफर करते हैं।

### इन आठ रूटों की बसों के स्टॉपेज तय

- चौक घंटाघर से नैमिषारण्य
- ट्रांसपोर्ट नगर से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा
- शकुंतला विश्वविद्यालय से जीपीओ
- बालागंज से कमता बस स्टेशन
- ट्रांसपोर्ट नगर से टेढ़ी पुलिया
- सरोजनीनगर से कमता बस स्टेशन
- राजाजीपुरम से देवा रोड अपट्रान
- बालागंज से जीपीओ हजरतगंज

## सिटी ब्रीफ

### मन ही है कुरुक्षेत्र का रण : प्रो. आरपी सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** हमारा मन ही कुरुक्षेत्र का रण है। ईमेल, डेडलाइन और जिम्मेदारियों से भरे जीवन में शांति केवल मौन या शोर की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह एक गहरी अनुभूति है जो विषम परिस्थितियों के बीच भी संभव है। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के डॉ. आरपी सिंह ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहे। संस्कृत विभाग मुंबई विश्वविद्यालय और कमला देवी गौरी दत्त मित्तल कॉलेज मुंबई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित "भगवद्गीता : नेविगेटिंग एजुकेशन, मैनेजमेंट, कॉर्पोरेट कल्चर एंड साइंस गाइडेड बॉय इटरनल विजडम" विषयक संगोष्ठी को उन्होंने संबोधित किया। कल्टिवेटिंग इनर पीस माइंडफुलनेस थ्रू द कैनन्स ऑफ़ श्रीमद्भगवद्गीता विषय पर उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की आपाधापी में आंतरिक शांति और सजगता की आवश्यकता है। प्रो. सिंह ने कहा कि उन्होंने गीता के युद्धभूमि प्रसंग को जीवन की चुनौतियों का रूपक बताया। जैसे कुरुक्षेत्र के रणक्षेत्र में अर्जुन संशय और द्वंद्व में खड़े थे, वैसे ही हम सब अपने-अपने जीवन के युद्धक्षेत्र में खड़े होते हैं। यहाँ पर हमें श्रीमद्भगवद्गीता के समत्व, अनासक्ति, अनुशासन और ध्यानयोग जैसे मूल्यों से प्रेरणा मिलती है।

### भाषा विवि:वित्त समिति की बैठक सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 32वीं वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं छात्रहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन विभाग में विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक व्यायाम प्रशिक्षक (ट्रेनर) नियुक्त किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत विषय प्रभारियों को शैक्षणिक एवं विभागीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 2500 रुपए प्रति माह कंटिजेंसी फंड प्रदान किया जाएगा। साथ ही, विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों, छात्रावास के वार्डन्स एवं प्रोवोस्ट आदि को उनके दायित्वों एवं कार्यों की प्रकृति को देखते हुए मानदेय प्रदान किए जाने का भी निर्णय लिया गया।

### सीएमएस शिक्षिका ने लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका रैना सिंह ने इण्टरनेशनल साइंस टीचर्स ओलम्पियाड में इण्टरनेशनल टॉप 20 रैंक अर्जित किया है। रैना सिंह की यह उपलब्धि शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, दक्षता व विशेषज्ञता का प्रमाणित करने के साथ ही विद्यालय की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर' शिक्षण पद्धति की विशेषता को दर्शाती है। इस उपलब्धि हेतु रैना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है, साथ ही गूगल एजूकेटर परीक्षा में प्रतिभाग हेतु 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इस सफलता हेतु रैना सिंह को हार्दिक बधाई दी है। ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था यूपीएजूकेटर्स के तत्वावधान में किया गया। ओलम्पियाड में 22 देशों के 1500 स्कूलों के 2500 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रैना सिंह ने 96.6 परसेन्टाइल अर्जित कर विश्व के टॉप 20 शिक्षकों में स्थान अर्जित किया है।

### सुगंध पथ से जाएंगे दृष्टिबाधित छात्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में सुगंध पथ का निर्माण किया जा रहा है। इसकी विशेषता है कि दृष्टिबाधित छात्र सुंगध के आधार पर बिना किसी सहायता के पुस्तकालय और छात्रावास आवागमन करेंगे। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की प्रयोगशाला और विश्वविद्यालय परिसर में विकसित किए जा रहे सुगंध पथ का निरीक्षण कुलपति डॉ. संजय सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षण व्यवस्था, प्रयोगशाला की सुविधाओं, उपकरणों की उपयोगिता और छात्रों को उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से समीक्षा की। कुलपति ने छात्रों ने शैक्षणिक वातावरण, लैब सुविधाओं और पाठ्यक्रम से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कुलपति ने विश्वविद्यालय की अभिनव और विशिष्ट पहल सुगंध पथ का निरीक्षण करते हुए बताया कि सुगंध पथ को विशेष रूप से दृष्टि दिव्यांग विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित जा रहा है। यह पथ सुगंधित फूलों और पौधों से सुसज्जित किया जा रहा है।



जूना अखाड़े की महामंडलेश्वर को सम्मानित करते कुलपति प्रो. अजय तनेजा।

# थर्ड जेंडर के प्रति समाज को बदलनी होगी सोच

- भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ तृतीय लिंग की यात्रा विषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार
- चुनौतियों से जूझकर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं: महामंडलेश्वर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनौतियों से जूझकर ही अपनी पहचान स्थापित की जा सकती है। भारतीय इतिहास और शास्त्रों में तृतीय लिंग की उपस्थिति का उल्लेख मिलता है। धर्म हमें यह सिखाता है कि हम सभी जाति और वर्ग से परे समान रूप से इंसान हैं। यह विचार जूना अखाड़े से जुड़े किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर माता पवित्रा ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

"हाशिए से मुख्यधारा तक: भारत में तृतीय लिंग की यात्रा" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में आकाशवाणी गोरखपुर की नीरजा माधव ने कहा कि कई बच्चे 13 से 14 वर्ष की आयु में ही अपनी लैंगिक पहचान को लेकर सामने आ जाते हैं, ऐसे में समाज और परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

उद्घाटन सत्र में विधि अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष कुमार त्रिवेदी ने संगोष्ठी की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि यह विषय अत्यंत संवेदनशील है और वर्तमान समय की मांग को दर्शाता है। विश्वविद्यालयों को सुरक्षित और समावेशी वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए, जहां न केवल स्वीकार्यता बल्कि समान अवसर भी सुनिश्चित हों।

प्रो. प्रीति मिश्रा, अमन त्रिपाठी, डॉ. अंशुल पांडेय, प्रो. मसूद आलम, प्रो. फ़खरे आलम, प्रो. शूरा दारा पूरी, डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. दीक्षा, तान्या, रविकेश, डॉ. भानु, डॉ. कृष्ण मुकुंद, डॉ. आशीष शाही सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### वास्तविक खुशी समानता से मिलती है

- इंजीनियर अवनीश चंदेल ने फिनलैंड के सामाजिक ढांचे का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां समानता को केंद्रीय मूल्य माना जाता है और वास्तविक खुशी समानता से ही उत्पन्न होती है। विशिष्ट अतिथि प्रो. दीपक सिंह चौहान ने तृतीय लिंग समुदाय के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## यूपी टेबल टेनिस टीम में लखनऊ के खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ:** 87वीं सीनियर, जूनियर और यूथ राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश टीम की घोषणा गुरुवार को कर दी गई। उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के सचिव अरुण बनर्जी ने टीम सूची जारी की। जूनियर और यूथ नेशनल चैंपियनशिप 22 फरवरी से 2 मार्च तक देहरादून में, सीनियर नेशनल चैंपियनशिप 14 से 21 मार्च तक इंदौर में और कैडेट व सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप 23 से 31 मार्च तक गांधीधाम (गुजरात) में आयोजित होगी। यूपी टीम के मुख्य कोच लखनऊ के पराग अग्रवाल होंगे, जिनकी देखरेख में टीम बरेली में प्रशिक्षण शिविर लगाएगी।

# राउंडग्लास अकादमी ने दर्ज की 13-1 से जीत

## केडी सिंह बाबू सब जूनियर प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता: फ्लिकर ब्रदर्स, पंजाब यूनिवर्सिटी और राजस्थान भी विजयी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता में राउंडग्लास हॉकी अकादमी (पंजाब) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हॉकी असम को 13-1 के बड़े अंतर से पराजित कर पूरे अंक हासिल किए। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में फ्लिकर ब्रदर्स (हरियाणा), पंजाब यूनिवर्सिटी ऑफ मोहाली और राजस्थान हॉकी ने भी जीत दर्ज करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए।

पद्मश्री मो. शाहिद स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में राउंडग्लास अकादमी का सामना हॉकी असम से हुआ। एकतरफा मुकाबले में राउंडग्लास के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा। मैच में लालू दिवाकर ने शानदार स्किल दिखाते हुए चार गोल दागे। इसके अलावा शीलू मान, रंजीत सिंह, अभिजोत सिंह, युवराज सिंह, हर्षित सिंह, शिवजोत सिंह और समरप्रीत सिंह ने एक-एक गोल कर टीम की जीत को यादगार बना दिया। दूसरी ओर हॉकी असम की टीम गेंद पर नियंत्रण के लिए जूझती नजर आई।

दिन के दूसरे मुकाबले में फ्लिकर ब्रदर्स (हरियाणा) ने स्पोर्ट्स डेवलवमेंट अथॉरिटी तमिलनाडु को 7-1 से करारी शिकस्त दी। विजेता टीम की ओर से विशाल ने दमदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक समेत छह गोल किए, जबकि कप्तान विराट सिंह ने एक गोल जोड़ा। तमिलनाडु की ओर से पी. सुकुनाथन एकमात्र गोल करने में कामयाब रहे।

तीसरे मुकाबले में पंजाब यूनिवर्सिटी ऑफ मोहाली ने एमएमएस अकादमी शाहाबाद (हरियाणा) को 3-1 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से एपी सिंह, करनवीर सिंह और रमनजोत सिंह ने एक-एक गोल किया, जबकि पराजित टीम के लिए ऋषि ने एकमात्र गोल दागा। गुरुवार के आखिरी लीग मुकाबले में राजस्थान हॉकी ने साउथ ईस्ट ऑर्गनाइजेशन मणिपुर को 5-0 से पराजित किया। राजस्थान की ओर से मयंक मीना, जावेद खान, शाहरुख खान, सिकंदर और प्रियांशु ने एक-एक गोल किया।



गेंद पर कब्जे के प्रयास में दोनों टीमों के खिलाड़ी। अमृत विचार

### आज के मुकाबले

- स्पोर्ट्स डेवलवमेंट अथॉरिटी तमिलनाडु बनाम हॉकी असम
- एमएमएस अकादमी हरियाणा बनाम साउथ ईस्ट ऑर्गनाइजेशन मणिपुर
- राजस्थान हॉकी बनाम पंजाब यूनिवर्सिटी मोहाली
- राउंडग्लास अकादमी पंजाब बनाम फ्लिकर ब्रदर्स हरियाणा

### आशी और आर्यन बने चैंपियन

- **अमृत विचार, लखनऊ :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) एल्डिको में गुरुवार को इंटर स्कूल लॉन टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। दो से पांच फरवरी तक आयोजित इस चैंपियनशिप में अंडर-8, अंडर-10, अंडर-12 और अंडर-16 आयु वर्गों में बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले खेले गए। रोमांचक फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-16 बालक वर्ग में लामार्टीनियर कॉलेज के आर्यन चौहान ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं, बालिका वर्ग में लामार्टीनियर की ही आशी शमशेर ने चैंपियन बनकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-12 वर्ग में डीपीएस एल्डिको के शुभी ने बालक वर्ग में विजेता बनने में कामयाबी हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में एपीएस नेहरू की विरिका अग्रवाल ने शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

# एसके एकल और अनिल शैलेंद्र युगल सेमीफाइनल में

- यूपी स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन के मिश्रित युगल में बड़ा उलटफेर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। पुरुष एकल 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में लखनऊ के एसके श्रीवास्तव ने शानदार खेल दिखाते हुए अंतिम चार में प्रवेश किया। वहीं पुरुष युगल 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अनिल कुमार सिंह और शैलेंद्र पावाह की लखनऊ जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। मिश्रित युगल 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जॉन वेस्ले और प्रियंका पाण्डेय (प्रयागराज, लखनऊ) की जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त विनय कुमार और रूमा को हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश बैडमिंटन संघ के देखरेख में लखनऊ बैडमिंटन संघ के पूर्व सचिव और बैडमिंटन खिलाड़ी स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की स्मृति में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता के मुकाबले गोमती नगर स्थित विपिन खंड की बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी में खेले जा रहे हैं। पहले दिन खेले गए अन्य मुकाबलों में महिला एकल 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में गाजियाबाद की अनुराधा शर्मा ने लखनऊ की पूनम सिंह को 21-10, 21-3 से पराजित किया। पुरुष एकल 55 वर्ष से अधिक के क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीय पवन गुप्ता (कानपुर) ने अरुण कुमार (मेरठ) को कड़े मुकाबले में 21-18, 18-21, 21-14 से हराया। वहीं लखनऊ के एसके श्रीवास्तव और वाराणसी के राजीव कुमार सिंह को वॉकओवर मिला। पुरुष युगल 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के क्वार्टर फाइनल में मेरठ के सोमेश जैन और सुनील राणा ने दूसरी वरीय राजीव सिंह और राणा राघवेंद्र कुमार सिंह को 21-18, 21-11 से पराजित किया। इसके अलावा अनिल कुमार सिंह और शैलेंद्र पावाह की लखनऊ जोड़ी ने वॉकओवर के सहारे जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।



# प्रखर त्रिपाठी बने यूपी स्टेट रैपिड चैंपियन ब्लिट्ज में गोपाल कृष्णा रहे अव्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य शतरंज चैंपियनशिप का समापन रोमांचक मुकाबलों के साथ हुआ। वाराणसी के कैंडिडेट मास्टर प्रखर त्रिपाठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूपी स्टेट रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के नौवें और अंतिम चक्र में पहले बोर्ड पर खेलते हुए प्रखर त्रिपाठी ने प्रयागराज के हसनैन सिद्दीकी को पराजित किया। इस जीत के साथ प्रखर ने कुल 8.5 अंक अर्जित कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे बोर्ड पर आगरा के ईशान लावण्या ने शिवाय सिंह को हराकर आठ अंक प्राप्त किए, जबकि तीसरे बोर्ड पर आगरा के ही आदर्श सारस्वत ने जीत दर्ज कर अपने अंक आठ तक पहुंचाए। बेहतर टाई-ब्रेक के आधार पर ईशान लावण्या को दूसरा और आदर्श सारस्वत को तीसरा स्थान मिला। सात-सात अंक अर्जित करने वाले हसनैन सिद्दीकी और हर्षित अमरनानी चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

उधर, यूपी स्टेट ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में कांटे की टक्कर देखने को मिली। मेरठ के गोपाल कृष्णा, शाहजहांपुर के आयुष सक्सेना और आगरा के ईशान लावण्या ने समान रूप से आठ-आठ अंक हासिल किए। टाई-ब्रेक के आधार पर गोपाल कृष्णा को विजेता घोषित किया गया, जबकि आयुष सक्सेना उपविजेता और ईशान लावण्या तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी पुरस्कारों के साथ। अमृत विचार

## अभ्युदय प्रताप सिंह के अर्धशतक से एमएफपीसीए मजबूत

**अमृत विचार , लखनऊ :** बीबीडी सी डिवीजन लीग के दो दिवसीय फाइनल मुकाबले में गुरुवार को पहले दिन एमएफपीसीए ने सिंड्रा क्लब के खिलाफ मजबूत स्थिति बना ली। जीसीआरजी ग्राउंड में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिंड्रा क्लब की टीम 49.2 ओवर में 158 रन पर सिमट गई। सिंड्रा क्लब की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम के शीर्ष क्रम के चार बल्लेबाज महज 24 रन के कुल योग पर पवेलियन लौट गए। लक्ष्य के जवाब में एमएफपीसीए की शुरुआत भी लड़खड़ाई और टीम ने 27 रन पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद सलामी बल्लेबाज अभ्युदय प्रताप सिंह और अब्दुल अतीफ खान ने पारी को संभालते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। खेल समाप्ति तक एमएफपीसीए ने 23 ओवर में दो विकेट खोकर 107 रन बना लिए थे। अभ्युदय प्रताप सिंह 59 रन और अब्दुल अतीफ खान 30 रन बनाकर नाबाद रहे।

## सिटी डायरी

### धर्मेंद्र, सुनील और रोमित के प्रहार से यूपी को कांस्य पदक



लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ी प्रशिक्षक के साथ।

**अमृत विचार, लखनऊ :** रांची में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल अंडर-17 बालक हॉकी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इस सफलता में गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ और सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के खिलाड़ियों का अहम योगदान रहा। तीसरे स्थान के मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 3-1 से पराजित किया। यूपी की ओर से सुनील पाल (सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज), रोमित पाल और अमित पाल (दोनों गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ) ने एक-एक गोल दागकर टीम को जीत दिलाई। वहीं गोलकीपर अमित पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई खतरनाक हमलों को नाकाम किया। प्रशिक्षक धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि क्वार्टर फाइनल में यूपी ने पंजाब को 2-1 से हराया था, जबकि सेमीफाइनल में हरियाणा से 0-1 से हार मिली।




बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर नाट्य प्रस्तुति देने वाले कलाकार।

### इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में फीएस्टा शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में वार्षिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव फीएस्टा 2026 का शुभारंभ बुधवार को किया गया। तीन दिवसीय महोत्सव में रचनात्मकता, प्रतिभा और सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाया जा रहा है। प्रथम दिन के कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सामाजिक विषयों पर जागरुकता फैलाने वाले कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं विषय पर व्याप्त अंधविश्वासों पर कटाक्ष करती लघु नाटिका की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर कुलाधिपति एवं संस्थापक प्रो. एसडब्ल्यू अख्तर, चांसलर अज़रा वसीम, सह-संस्थापक, प्रो-कुलाधिपति डॉ. सैयद नदीम अख्तर, सैयद फौज़ान अख्तर, सैयद अदनान अख्तर एवं डॉ. निदा फातिमा, कुलपति प्रो. जावेद मुसर्रत, प्रो. फ़ुरक़ान क़मर मौजूद रहे।



विधि विवि में उद्यमिता कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी।

### उद्यमिता जागरूकता सत्र आयोजित

**अमृत विचार , लखनऊ :** डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने एमएसएमई-ईएसडीपी योजना के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। "कैंपस से कंपनी तक : उद्यमिता की ओर मार्ग" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में 30 से अधिक छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम निदेशक प्रो. मनीष सिंह के संबोधन एवं मुख्य वक्तव्य से हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालयों की भूमिका को स्टार्ट-अप संस्कृति और उद्यम विकास के उत्प्रेरक के रूप में रेखांकित किया। पहला विशेषज्ञ सत्र डॉ. सैयद शुजात हैदर जाफरी, हेल्थ-टेक उद्यमी एवं स्टूफिट अप्रोच प्रा. लि. के संस्थापक द्वारा प्रस्तुत किया गया।



पत्रिका का विमोचन करते मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार व अन्य।

### वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय हाईस्कूल मस्तेमऊ गोसाईगंज में वार्षिकोत्सव एवं पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने विद्यालय के नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय सभागार का उद्घाटन कर किया। प्रधानाचार्या कुसुम वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रथम वार्षिक पत्रिका "नव किसलय" का विमोचन हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

आयोजन | नेशनल पीजी कॉलेज में हुई भारतीय ज्ञान परंपरा पर संगोष्ठी

# धर्म और विधि के अधीन होता है राजा : शिवप्रताप शुक्ल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हमारे धर्मशास्त्रों में स्पष्ट कहा गया है कि राजा भी धर्म और विधि के अधीन होता है, जिसे आधुनिक काल में कानून का शासन कहा जाता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वह समस्त तत्व निहित हैं, जो आज विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में दृष्टिगोचर होते हैं। यह विचार हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल ने नेशनल पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने वेदों की ओर पुनः लौटने की आवश्यकता पर बल देते हुए प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक उपलब्धियों—ज्यामिति, दशमलव प्रणाली, खगोल दर्शन और समन्वित ज्ञानकोश परंपरा—का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन परंपराओं का वैश्विक विज्ञान के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसे मैक्स मूलर जैसे पश्चिमी विद्वानों ने भी स्वीकार किया है।

- भारतीय ज्ञान प्रणाली की रोजगार जगत में भी है उपयोगिता

भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र के. सिंह ने अजंता की गुफाओं की अद्भुत शैलकट वास्तुकला पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम के शासनकाल में इन गुफाओं को ऊपर से नीचे की ओर तराशा गया था, जो स्थापत्य कौशल का अनुपम उदाहरण है। इस वास्तुकला ने अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों व विद्वानों को भी विस्मित किया है। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. अशोक बाजपेयी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रम में शामिल करने की पहल की सराहना की और इसे छात्रों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। संगोष्ठी का समापन छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा शोध पत्रों के प्रस्तुतिकरण और संवादात्मक सत्र के साथ हुआ।



हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल को सम्मानित करते प्रो. देवेन्द्र प्रताप सिंह।